**Master of Commerce (Finance & Taxation) [M.Com (F &T)]**
**Master of Commerce ( In Business Policy and Corporate Governance) [M.Com (BP &CG)]**
**Master of Commerce (Management Accounting & Financial Strategic [M.Com (MA &FS)]**

मास्टर ऑफ़ कॉमर्स (फाइनेंस एंड टैक्सटेशन) [M.COM (F&T)]
मास्टर ऑफ़ कॉमर्स (इन बिज़नेस पॉलिसी एंड कॉर्पोरेट गवर्नेंस) [M.COM (BP & CG)]
मास्टर ऑफ़ कॉमर्स (मैनेजमेंट एकाउंटिंग एंड फाइनेंसियल स्ट्रेटेजिक) [M.COM (MA & FS)]

# सत्रीय कार्य
# 2019–20

सहयोगी कार्यक्रम
(आई. सी. डब्लू. ए. आई - आई. सी. एस. आई - आई. सी. ए. आई)
(ICWAI – ICSI - ICAI)

**आई. बी. ओ-01 (IBO-01), आई. बी. ओ-02 (IBO-02), आई. बी. ओ-06 (IBO-06), एम. सी.ओ-01 (MCO-01), एम. सी. ओ-03 (MCO-03), एम. सी. ओ-04 (MCO-04), एम. सी. ओ-05 (MCO-05), एम. सी. ओ-06 (MCO-06)**

## जुलाई 2019 तथा जनवरी 2020 प्रवेश सत्र के लिए

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – **1100 68**

# सत्रीय कार्य – 2019–20

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2019 और जनवरी 2020)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2019** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2020** तक है।

2. जो **जनवरी 2020** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2020** है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **आई.बी.ओ. – 01** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय परिवेश** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | : | **आई.बी.ओ. -01/टी.एम.ए./2019 –20** |
| **खण्ड़ों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

1. घरेलू विदेशी तथा वैश्विक परिवेश किस प्रकार से अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय को प्रभावित करता है? विभिन्न आर्थिक और वित्तीय परिवेशों का वर्णन कीजिए जो अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय को प्रभावित करते हैं। (6+14)

2. प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का क्या औचित्य है? ट्रान्सनेशनल कारपोरेशन और लघु और मध्यम उधोगों द्वारा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के नॉन इक्विटी प्रकार का वर्णन कीजिए। (20)

3. अ) विश्व बैंक का वित्तीय संचालन और सहयोग कार्यक्रम का विवेचन कीजिए।
   ब) विभिन्न क्षेत्रीय विकास बैंकों के कार्यो का वर्णन कीजिए। (10+10)

4. निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिएः
   (i) व्यापार का सिद्धान्त विशेषज्ञता के स्वरुप की व्याख्या नहीं करता है।
   (ii) एफ. डी. आई. भुगतान शेष के समस्याओं (constraints) को दूर नहीं करता है ।
   (iii) क्षेत्रीय आर्थिक समूहीकरण का निर्माण व्यापार विपथन में सहायक नहीं होता है।
   (iv) अवैध –समझौता और गैर कानूनी समझौता में कोइ अंतर नहीं है। (5×4)

5. निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिएः
   (i) व्यापार का आधुनिक सिद्धांत
   (ii) ट्रान्सनेशनल कारपोरेशन के मुद्दों तथा विवादों
   (iii) वैश्विक व्यापार बिन्दु नेटवर्क (GTPN)
   (iv) आर्थिक विकास में सेवाओं के व्यापार की भूमिका (5×4)

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **आई. बी. ओ.-02** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **अन्तर्राष्ट्रीय विपणन प्रबंधन** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | : | **आई. बी. ओ.-02 / टी. एम. ए. / 2019 - 20** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **अधिकतम अंक : 100**

1. (A) निम्नलखित में अंतर कीजिए । **(5+5)**

   **(क)** उच्च तकनीक स्थापन तथा उच्च स्पर्श स्थापन

   **(ख)** उत्पाद और सेवा

   (B) निम्नलिखित पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिए **(5+5)**

   **(क)** पिग्गी बैकिंग

   **(ख)** ईपीआरजी ओरिएंटेशन

2. अंतर्राष्ट्रीय विपणन, बहुराष्ट्रीय विपणन और वैश्विक विपणन से आप क्या समझते हैं? उपरोक्त तीन संदर्भों में कंपनी की अंतर्राष्ट्रीय विपणन भागीदारी और प्रतिबद्धता में किस प्रकार परवर्तित होती है ? समझाइये । **(9+11)**

3. एक भारतीय ट्रैक्टर विनिर्माण कंपनी अफ्रीका में एक स्थानीय कंपनी के सहयोग से अफ्रीकी बाजारों में प्रवेश करने की योजना बना रही है। इस संदर्भ में उपयुक्त अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रवेश के किसी भी दो तरीकों पर चर्चा कीजिए, और उनके सापेक्ष गुणों और सीमाओं पर टिप्पणी करें। **(20)**

4. अंतर्राष्ट्रीय विपणन में उत्पाद मानकीकरण और अनुकूलन में अन्तर कीजिए । मानकीकरण और अनुकूलन के विभिन्न कारकों का मूल्यांकन कीजिए, और उन परिस्थितियों हेतु सुझाव दीजिए । जिनके अन्तर्गत इसमें से प्रत्येक उपयुक्त है। **(8+12)**

5. उत्पाद को खरीदने / बढ़ावा देने के लिए उपभोक्ताओं, बिचौलियों और स्वयं के बिक्री बल को उत्साहित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय विपणन में विभिन्न बिक्री संवर्धन उपकरणों पर चर्चा कीजिए । **(20)**

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -06** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय वित्त** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -06/ टी. एम. ए. / 2019 - 20** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

1. (क) ऋण सिंडिकेट क्या है ? ऋण सिंडिकेट की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । **(2+8)**
   (ख) विभिन्न प्रकार के अंतराष्ट्रीय ऋण प्रपत्र कौन से हैं? किन्ही दो का वर्णन कीजिए। **(2+8)**

2. (क) केन्द्रीय बैंक विदेशी विनिमय बाजार में क्यों हस्तक्षेप करते हैं। उनके इस हस्तक्षेप के क्या परिणाम होते हैं। **(5+5)**
   (ख) लेन-देन एक्सपोजर तथा रूपान्तरण एक्सपोजर के बीच अंतर कीजिए। **(5+5)**

3. (क) अंतरण मूल्यनिर्धारण क्या है? अंतरण मूल्यनिर्धारण तकनीक का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। **(2+8)**
   (ख) “वित्तीय मूल्यांकन किसी भी परियोजना के लिए सबसे मुख्य मूल्यांकन होता है,” वर्णन कीजिए तथा इसका और मूल्यांकन विधि अर्थात तकनीकी, बाजार, आर्थिक तथा सामाजिक मूल्यांकनों से संबंध की चर्चा कीजिए। **(4+8)**

4. (क) परियोजना निर्यात में विभिन्न प्रकार के जोखिमों की चर्चा कीजिए। **(8)**
   (ख) अन्तर्राष्ट्रिय व्यापार में विभिन्न प्रकार के बांड/ गारंटी कौन से हैं? यह आयातकर्ता के लिए किस प्रकार लाभदायी हैं। **(4+6)**

5. .राजनितिक जोखिम के प्रबन्धन की विभिन्न रणनीतियों का वर्णन कीजिए। **(20)**

# अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| पाठ्यक्रम का कोड | : | एम.सी.ओ. –01 |
| पाठ्यक्रम का शीर्षक | : | संगठन सिद्धांत और व्यवहार |
| सत्रीय कार्य का कोड | : | एम.सी.ओ. –01 / टी.एम.ए. / 2019–20 |
| खण्डों की संख्या | : | सभी खण्ड |

अधिकतम अंक : 100

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. संगठनात्मक व्यवहार से आप क्या समझते हैं? संगठनात्मक व्यवहार के व्यक्तिगत, समूह, संगठनात्मक और एकीकृत परिप्रेक्ष्य को समझाएं।

(20)

2. तनाव प्रबंधन के लिए व्यक्तियों और संगठनों द्वारा अपनाई जाने वाली तकनीकों की व्याख्या करें

(20)

3. 'ओ डी एक निर्धारित समय में उद्धेश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न संगठनात्मक सुधार गतिविधियों को एकीकृत करने की समग्र योजना है'। स्पष्ट करें।

(20)

4. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए:

(क) जॉब संवर्धन एवं जॉब वृद्धि

(ख) व्यवहारिक एवं स्थितिजन्य नेतृत्व सिद्धांत

(ग) औपचारिक एवं अनौपचारिक शक्ति के स्त्रोत

(घ) क्लासिकल एवं क्रियाप्रसूत अनुकुलन सिद्धांत।

(4×5)

5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:

(क) मैट्रिक्स संगठन

(ख) संज्ञानात्मक अधिगम

(ग) टाइप A एवं टाइप B व्यक्तित्व

(घ) संगठनात्मक संस्कृति

(4×5)

# अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| पाठ्यक्रम का कोड | : | एम.सी.ओ. –03 |
| पाठ्यक्रम का शीर्षक | : | अनुसंधान विधियाँ एंव सांख्यिकीय विश्लेषण |
| सत्रीय कार्य का कोड | : | एम.सी.ओ. –03/टी.एम.ए./2019 –20 |
| खण्डों की संख्या | : | सभी खण्ड |

अधिकतम अंक : 100

**प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. परिकल्पना से आप क्या समझते हैं? परिकल्पना के विभिन्न प्रकार बताइए।

(20)

2. (क) सूचकांक से आप क्या समझते हैं? आकडो के विश्लेषण में सूचकांको के उपयोगो को स्पष्ट कीजिए।

   (ख) प्रतिवेदन क्या है? प्रतिवेदन तैयारी की विभिन्न अवस्थाएं बताइए।

(10+10)

3. निम्नलिखित पर टिप्पणियां कीजिएः
   (क) समंको का वर्गीकरण समंको के सारणीकरण का आधार उपलब्ध कराता है।
   (ख) सांख्यिकी चिकनी मिट्टी की तरह है जिससे कोई देवता या राक्षस बन सकता है।
   (ग) सांख्यिकी आंकडो की दृश्य प्रस्तुति अधिक लोकप्रिय हो गई है।
   (घ) अंक झूठ नहीं बोलते हैं लेकिन झूठे लोग अंक बदलते हैं।

(5x4)

4. निम्नलिखित व्यक्तव्यों की व्याख्या अति संक्षेप में कीजिए।
   (क) ऐतिहासिक अनुसंधान
   (ख) अपकिरण
   (ग) सूचकांको का समबंधन
   (घ) बेज प्रमेय

(5x4)

5. निम्नलिखित में अन्तर स्पष्ट कीजिएः

   (क) आगमन और निगमन
   (ख) पाइलट अध्ययन और पूर्व परीक्षण
   (ग) दैव प्रतिचयन और अदैव प्रतिचयन
   (घ) सहसंबंध और प्रतीपगमन

(5x4)

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **एम. सी. ओ-04** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **व्यवसाय परिवेश** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | : | **एम. सी. ओ-04 / टी. एम. ए. / 2018 - 19** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

**1.** (**क**) भारतीय व्यवसाय परिवेश में हो रहे मुख्य परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए तथा भारत में व्यापार पर उभरते ग्रामीण बाज़ारों के प्रभाव की विवेचना कीजिए । **(10)**

(**ख**) निम्नलिखित कथनों पर टिप्पणी कीजिए:

(i) परिवेश जिसके अंतर्गत व्यावसायिक फर्म संचालित होती है, अत्यधिक गतिक तथा जटिल होता है । **(5)**

(ii) परिवेश तथा प्रबंधन एक दूसरे को प्रभावित करते हैं । **(5)**

**2.** "श्रम कानून का विस्तार तथा दायरा काफी विस्तृत तथा अतिव्यापी है ।" भारत में श्रम कानून की संक्षिप्त समीक्षा के साथ उल्लेख को स्पष्ट कीजिए । **(20)**

**3.** "प्रतिभूतियों में निवेशकों के हित की सुरक्षा के लिए उपयुक्त उपायों को अपनाने तथा स्टॉक बाजार के विनियम तथा विकास को बढ़ावा देने की मुख्य जिम्मेदारियाँ सेबी (SEBI) को सौंपी गई हैं" विवेचना कीजिए। **(20)**

**4.** "आर्थिक योजना का विभिन्न देशों में विभिन्न रूप होता है। अत: आर्थिक योजना की प्रकृति तथा संकल्पना पर अर्थशास्त्रियों के मध्य मुश्किल से ही कोई समझौता होता है।" इस वक्तव्य की व्याख्या कीजिए। **(20)**

**5.** आप क्या समझतें है कि भारत कि एफ. डी. आई. निति विदेशी निवेशकों के लिए प्रोत्साहिक है ? अपने तर्क दीजिए व नीति कि संक्षिप्त विवेचना कीजिए । **(20)**

# अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **एम.सी.ओ. –05** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **प्रबन्धकीय निर्णयों के लिए लेखांकन** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | : | **एम.सी.ओ. –05 / टी.एम.ए. / 2019–20** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. रोकड़ प्रवाह विवरण से क्या तात्पर्य है? रोकड प्रवाह विवरण बनाने की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए। यह प्रबंधकों को निर्णय लेने में किस प्रकार सहायक होता है।

(20)

2. एक उत्पाद की प्रमाप लागत निम्नलिखित हैः

| | |
|---|---|
| समयः | 6 घण्टे प्रति इकाई |
| दरः | रु 4 प्रति घण्टा |
| वास्तविक लागत : | |
| उत्पादन | 1500 इकाइयां |
| प्रयुक्त घण्टे | 7,600 |
| व्यर्थ समय ( घण्टे) | 400 |
| कुल घण्टे | 8,000 |

कुल श्रम लागत रु 40,000

श्रम विचरणांश की गणना कीजिए।

(20)

3. 'शून्य आधार बजटिंग' से आपका क्या तात्पर्य हैं? इसके लाभ एवं हानियों का उल्लेख कीजिए।

(20)

4. एक कंपनी से संबधित निम्नलिखित आकंडे उपलब्ध है :

| | |
|---|---|
| विक्रय | रु 60,000 |
| परिवर्ती लागत | रु 30,000 |
| स्थिर लागत | रु 15,000 |

(क) इस स्तर पर लाभ – परिमाण अनुपात (P/V ratio), सम विच्छेद बिंदु (Break – Even Point) , तथा सुरक्षा सीमा (Margin of Safety) की गणना कीजिए।

(ख) विक्रय मूल्य में 10 % की वृद्धि के प्रभाव की गणना कीजिए।

(ग) विक्रय मूल्य मे 10 % की कमी के प्रभाव की गणना कीजिए।

(20)

5. 'बजटरी नियंत्रण' से आपका क्या अभिप्राय है? इसके क्या लाभ है? "बजट एक माध्यम है तथा बजटरी नियंत्रण अंतिम परिणाम" इस कथन की भी व्याख्या कीजिए।

(20)

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **एम. सी. ओ-06** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | विपणन प्रबंध |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | : | **एम. सी. ओ-06 / टी. एम. ए. / 2019 - 20** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

1. विपणन की विविध अवधारणाओं को समझाये तथा विपणन प्रबंधन दर्शन की क्रमागत उन्नति प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए। **(20)**

2. उपभोक्ता बाजार और संगठनात्मक बाजार में अंतर कीजिए। उपभोक्ता बाजार का विभक्तिकर्ण के आधार को संक्षेप में समझाइये। **(5 + 15)**

3. कम्पनी द्वारा उत्पाद जीवन चक्र विभिन्न चरणों में अपनायी जाने वाली विभिन्न विपणन मिश्रण रणनीतियों की व्याख्या कीजिए । मोबाइल फोन के विक्रय में गिरावट की दशा में उपयुक्त जीवन चक्र विस्तार रणनीतियों का वर्णन कीजिए । **(12 + 8)**

4. वाहिका टकराव (Channel Conflict) से आप क्या समझते है, वाहिका टकराव (Channel Conflict) क्यों होते है, वाहिका टकराव (Channel Conflict) के उपचार समझाइये । **(4 + 8 + 8)**

5. विपणन मिश्रण और संवर्धन मिश्रण में अंतर बताइये । एक विपणन प्रबंधक के रूप में आप अपने उत्पाद हेतु सवंर्धन मिश्रण का निर्णय करने के समय कौन सी विविध कारणों को ध्यान में रखेंगे । **(5 + 15)**